10 अगस्त 2020

# विशेष रिपोर्ट

# हल्दी

## ( सितम्बर )



smc
Moneywise. Be wise.

दुनिया भर में कोरोना वायरस के मामलों के बढ़ने के बाद से, कमोडिटी की कीमतें मांग-आपूर्ति की असमानता के बीच फंसी हुई है। उनमें से कई भारी भंडार के दबाव में रही हैं क्योंकि खपत कम हो गई है। लेकिन कुल मिलाकर बढ़ती घरेलू और विदेशी मांग के कारण कृषि कमोडिटीज में तेजी का रूझान रहा है। विशेष रूप से इस पीले रंग के मसाले में सबसे सक्रिय यौगिक कर्क्यूमिन के वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित कई स्वास्थ्य लाभ हैं, और इसमें महामारी के दौरान प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने की क्षमता है। हल्दी की कीमतें 5200 के नीचले स्तर से अब लगभग 15% की वृद्धि के साथ 6000 के स्तर के पास कारोबार कर रही है।

## हल्दी वायदा का साप्ताहिक चार्ट




स्रोत: रॉयटर्स

## वर्तमान स्थिति

पिछले तीन महीनों से हल्दी की निर्यात मांग में वृद्धि देखी गई है क्योंकि मध्य पूर्व, अमेरिका, यूरोप और दक्षिण पूर्व एशिया से ऑर्डर आ रहे हैं। निर्यातक दुबई, मलेशिया, ईरान, अमेरिका और यूरोप के बाजार की मांग को पूरा करने के लिए नए करार पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों में, बांग्लादेश से बड़ी मांग हुई है, जहाँ हल्दी रेल रेक द्वारा भेजी गई है। फेडरेशन ऑफ इंडिया स्पाइसेस स्टेकहोल्डर्स के अनुसार, कोविड के प्रकोप के ठीक बाद, हल्दी की बिक्री में लगातार वृद्धि हो रही है और कुल मिलाकर 2020-21 में बिक्री 25% से 30% तक बढ़ने की संभावना है।

ब्रिटेन, जर्मनी और हॉलैंड में खुदरा क्षेत्र के लिए अप्रैल से ही हल्दी की निर्यात मांग अधिक रही है। हल्दी दूध बेचने वाली कई खुदरा श्रृंखलाओं के साथ, वैश्विक स्तर पर यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है और मांग के कई गुना बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय मसाला बोर्ड निर्यात खेपों के बाधा रहित और मुक्त आवागमन की सुविधा के लिए कई उपायों की शुरुआत कर रहा है।

मर्केन्डाइज निर्यात प्रोत्साहन योजना के तहत 3% छूट ने निर्यात बढ़ाने में मदद की है। इसके अलावा, अनगिनत स्वास्थ्य लाभों पर आयुष मंत्रालय द्वारा दिए गए दिशानिर्देश ने घरेलू बाजार में जूस और इम्यूनिटी बढ़ाने वाले पेय में हल्दी के उपयोग को बढ़ावा दिया है।

भारतीय मसाला बोर्ड के अनुसार, कोविड-19 के कारण किए गए लॉकडाउन के बीच, भारत के तेलंगाना से हल्दी के निर्यात ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। तेलंगाना ने साल के पहले पांच महीनों में 59,580 टन हल्दी का निर्यात किया है, जो पिछले सात वर्षों में समान अवधि में सबसे अधिक है। निर्यात अमेरिका, ब्रिटेन, श्रीलंका और नेपाल जैसे देशों में किए गए थे।

## हाजिर बाजार का परिदृश्य

वर्तमान समय में, कारोबारी नए ऑर्डर प्राप्त कर रहे हैं, आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नमूनों की जांच और खरीदारी कर रहे हैं। इरोड कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसाइटी और रेगुलेटेड मार्केटिंग कमेटी में बिक्री उत्साहजनक है, क्योंकि दोनों बाजारों में शत-प्रतिशत बिक्री हो रही है।

इरोड हल्दी मर्चेंट्स एसोसिएशन की बिक्री यार्ड में, फिंगर वेराइटी की हल्दी 5,259-6,509 रू प्रति क्विंटल और रूट वेराइटी की हल्दी 4,599-5,555 रुपये प्रति क्विंटल के दायरे में बेची गई है। रेगुलेटेड मार्केटिंग कमेटी में, फिंगर वेराइटी की हल्दी 4,889-6,039 रू प्रति क्विंटल और रूट वेराइटी की हल्दी 4,389-5,450 रुपये प्रति क्विंटल के दायरे में बेची गई है। इरोड कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसाइटी में, फिंगर वेराइटी की हल्दी 5,199-5,944 रू प्रति क्विंटल और रूट वेराइटी की हल्दी 4,891-5,589 रुपये प्रति क्विंटल के दायरे में बेची गई है।

### जुलाई 2020 में हल्दी की राज्यवार थोक कीमतें (रू/क्विंटल में)

| राज्य | जुलाई 2020 में | जून 2020 में | जुलाई 2019 में | जून 2020 की तुलना में % बदलाव | जुलाई 2019 की तुलना में % बदलाव |
|---|---|---|---|---|---|
| छतीसगढ़ | 6000 | 4520 | 7000 | 33 | -14 |
| कर्नाटक | 5746 | 5606 | 6060 | 3 | -5 |
| केरल | 6237 | 5807 | 10543 | 7 | -41 |
| महाराष्ट्र | 4945 | 5337 | 6551 | -7 | -25 |
| तमिलनाडु | 5522 | 5633 | 6496 | -2 | -15 |
| उतरप्रदेश | 9876 | 9325 | 11131 | 6 | -11 |
| प.बंगाल | 6331 | 6306 | 6539 | 0 | -3 |
| औसत | 6379 | 6076 | 7760 | | |

स्रोतः एगमार्क

## शोध के निष्कर्ष

शोध में पाया गया है कि करक्यूमिन, हल्दी में पाया जाने वाला एक प्राकृतिक यौगिक है, जो कुछ वायरस को खत्म करने में मदद कर सकता है। जनरल वायरोलॉजी के जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि कर्क्यूमिन ट्रांसमीसबल गैस्ट्रोएंटेराइटिस वायरस (टीजीईवी)- एक अल्फा-समूह कोरोनोवायरस जो सूअरों को संक्रमित करता है- से कोशिकाओं को संक्रमित होने से रोक सकता है अधिक खुराक के साथ यह यौगिक वायरस कणों को मार भी देता है।

कोविड-19 के खिलाफ एक शरीर की प्रतिरक्षा बढ़ाने के उपाय के रूप में, आयुष मंत्रालय ने विभिन्न आयुर्वेदिक उपायों की सिफारिश की है, और हल्दी उनमें से एक है। हल्दी के प्रमुख सक्रिय घटक, 'करक्यूमिन' में कई जीवन-वर्धक गुण होते हैं और यह शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट और एंटी इंफ्लामेटरी गुणों से भरा होता है।

## मूल्य आउटलुक

ऊपर बताए फंडामेंटल का विश्लेषण करने पर ऐसा लगता है कि आने वाले दिनों में हल्दी की कीमतों में तेजी बनी रहेगी। त्यौहारों के साथ देश में और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तालाबंदी के खुलने के साथ ही खपत बढ़ने की उम्मीद है। इस महामारी के दौरान होरेका क्षेत्र से मांग अभी तक नहीं है। एक बार, खाद्य क्षेत्र ने हल्दी का उपयोग करना शुरू कर दिया, तो निश्चित रूप से मांग में वृद्धि होगी। देश भर के कई दुग्ध महासंघों ने अपने उपभोक्ताओं की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए सदियों पुराना 'हल्दी दूध' शुरू किया है।

**कुल मिलाकर, 6100-6200 के लक्ष्य को देखते हुए 5700 के पास निचले स्तर पर खरीदारी शुरू की जा सकती है। निकट भविष्य में 5500 पर सपोर्ट है।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वंदना भारती | एवीपी कमोडिटी रिसर्च | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625 | **vandanabharti@smcindiaonline.com** |
| सुब्रोनिल डे | सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674 | **subhranildey@smcindiaonline.com** |
| शिवानन्द उपाध्याय | रिसर्च एसोसिएट | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646 | **shivanand@smcindiaonline.com** |


**आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com**


Moneywise. Be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004



एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।